कार्यालय अधिष्ठाता

पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / चिकि. / बायोटेक. / 5116 / 2023 रायपुर, दिनांक 10/05/2023

प्रवेश सूचना

आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि–30.06.2023	एम.एस–सी. मेडिकल बायोटेक्नालाजी कोर्स सत्र 2023–24	आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि–30.06.2023

चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर द्वारा बायोकेमेस्ट्री विभाग में संचालित एम.एस–सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी कोर्स में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एम.बी.बी.एस., बी.एस–सी. बायोटेक्नालॉजी / बी.एस–सी. लाइफ साइंस / एलाएड विषय रखी गई है। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी, जिसके प्राप्तांक की मेरिट सूची के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। अधिकतम 10 सीटों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियमानुसार 5 सीट अनारक्षित (04 मुक्त, 01 महिला), 1 सीट अनुसूचित जाति, 3 सीट अनुसूचित जनजाति एवं 1 सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित है, जो कि छ.ग. शासन समान्य प्रशान विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 13–1 / 2023 / आ.प्र. / 1–3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 के अनुसार सभी नियुक्तियाँ और चयन परीक्षा माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के S.L.P.(C) Si. No.19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन रहेगी।

<u>प्रवेश प्रक्रिया</u> :–

1. **प्रवेश आवेदन फार्म 15 मई, 2023 से 30 जून, 2023 के सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे** तक विभागाध्यक्ष, बायोकेमेस्ट्री विभाग, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर प्राप्त किया जा सकता है।
2. **प्रवेश फार्म शुल्क:** अनारक्षित वर्ग के लिए रू. 400 / – नगद भुगतान अथवा डाक द्वारा रू. 450 / –(50 रू. डाक खर्च) का डिमांड ड्राफ्ट भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। आरक्षित वर्ग के लिए रू. 200 / – नगद भुगतान अथवा डाक द्वारा रू. 250 / – (50 रू. डाक खर्च) का बैंक ड्राफ्ट भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। बैंक ड्राफ्ट अधिष्ठाता एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (Dean & C.E.O., Pt. J. N. M. Medical College, Raipur) के नाम पर देय होगा।
3. आवेदन पत्र, अधिष्ठाता, पं. ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2023 रखी गई है। आवेदन पत्र के साथ प्रवेश परीक्षा शुल्क रू. 1500 / – (अनारक्षित वर्ग हेतु) अथवा रू. 750 / – (आरक्षित वर्ग हेतु) का बैंक ड्राफ्ट जो अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम पर देय हो, जमा करना होगा। लिफाफे के ऊपर ***"एम.एस–सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी कोर्स सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु आवेदन"*** लिखना अनिवार्य है। (स्पष्ट पता एवं फोन नं. / मोबाइल नं. / ईमेल को आवेदन में अनिवार्य रूप से दर्शावे)।
4. **प्रवेश परीक्षा 07 जुलाई, 2023 (शुक्रवार) को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे** तक पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित होगी। प्रावीण्य सूची, काउंसिलिंग एवं प्रवेश संबंधित जानकारी की सूचना अलग से दी जाएगी। प्रवेश परीक्षा संबंधी अन्य जानकारियाँ प्रवेश विवरणिका में उद्धृत है।
5. चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क प्रवेश के समय जमा करना अनिवार्य है।

डाक से फार्म मंगाने हेतु अपना पता स्पष्ट देते हुए कोर्स प्रभारी, एम.एस–सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी पाठ्यक्रम, बायोकेमेस्ट्री विभाग, पं. ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) को पत्राचार करें। डाक सेवा से आवेदन फार्म का गुम होने या विलम्ब होने की दशा में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

9/5/23

अधिष्ठाता
पं. ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)